# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 28.09.2025

**1. थाना दनकौर पुलिस द्वारा पशु व्यापारी की हत्या का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/ निशानदेही से घटना में प्रयुक्त छुरी, मृतक से संबंधित जूता, टूटा मोबाइल फोन, रस्सी एवं ₹45,000/- बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **28.09.2025** को **थाना दनकौर पुलिस** द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से पशु व्यापारी की हत्या करने वाला अभियुक्त अवनीश नागर पुत्र धनपाल को ग्राम अमरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही से हत्या में प्रयुक्त 01 छुरी, मृतक का 01 जूता, मृतक का टूटा हुआ 01 मोबाइल फोन, मृतक द्वारा पशु बाँधने में प्रयुक्त रस्सी व मृतक के ₹45,000/- बरामद किए गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 23.09.2025 को वादी का भाई मोहम्मद, जो एक पशु व्यापारी था, अपने घर से ₹70,000/- लेकर पशु खरीदने गया हुआ था। उसके घर वापस न आने के संबंध में थाना दनकौर पर वादी द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। थाना दनकौर पुलिस को जंगल में मोहम्मद का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए मृतक मोहम्मद के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया एवं वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

अवनीश नागर पुत्र धनपाल निवासी ग्राम अमरपुर, थाना ईकोटेक प्रथम, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 28 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0- 257/2025 धारा 103(1)/238/315 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना दनकौर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. हत्या में प्रयुक्त 01 छुरी
2. मृतक का 01 जूता
3. मृतक का टूटा हुआ 01 मोबाइल फोन
4. मृतक द्वारा पशु बाँधने में प्रयुक्त रस्सी
5. मृतक के ₹45,000/-